| | | |
|---|---|---|
| **Grade: VIII** | **Worksheet - 1** | **Date:_06.06.2025** |
| | **Hindi** | **DOS: 09.06.2025** |

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5)**

**संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।**

**(क) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?**
**(i) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता**
**(ii) सम्य व्यक्ति के वश में नहीं है।**
**(iii) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है**
**(iv) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता**

**(ख) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है**
**(i) जीवन को सुखी बनाना**

(ii) गुरुओं का आदेश मानना

(iii) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व

(iv) शिक्षा प्राप्त करना

(ग) विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?

(i) क्योंकि वे आलसी होते हैं

(ii) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।

(iii) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।

(iv) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

(घ) संमय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?

(i) परिश्रम करें

(ii) मन लगाकर पढ़ाई करें

(iii) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें

(iv) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए

(i) समय का सदुपयोग

(ii) समय और मनुष्य

(iii) विद्यार्थी और समय

(iv) अमूल्य समय उत्तर

2. **हिंदी व्याकरण में, 'लिंग' से तात्पर्य किसी संज्ञा शब्द के स्त्री या पुरुष होने से है, जबकि 'वचन' से तात्पर्य एक या अनेक होने से है.**

**लिंग (Gender):**

**परिभाषा:**

**संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं.**

**हिंदी में लिंग के दो भेद होते हैं:**
**पुल्लिंग (Masculine): जो शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, जैसे - लड़का, पिता,**

**स्त्रीलिंग (Feminine): जो शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, जैसे - लड़की, माँ, ब**
**वचन (Number):**

**परिभाषा:**

**शब्द के जिस रूप से एक या अनेक होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं.**

**हिंदी में वचन के दो भेद होते हैं:**
**एकवचन (Singular): जो शब्द केवल एक वस्तु या व्यक्ति का बोध कराते हैं, जैसे - लड़का, किताब.**

**बहुवचन (Plural): जो शब्द एक से अधिक वस्तु या व्यक्ति का बोध कराते हैं, जैसे - लड़के, किताबें.**

**बहुविकल्पी प्रश्न**

**1. एक या अनेक का बोध कराने वाले शब्दों का रूप कहलाता है**
**(i) शब्द**
**(ii) वर्ण**
**(iii) संज्ञा**
**(iv) वचन**

**2. आदर प्रकट करने के लिए प्रयोग किया जाता है**
**(i) एकवचन**
**(ii) बहुवचन**

(iii) विशेषण

(iv) इनमें से कोई नहीं

3. वह शब्द जिसका बहुवचन नहीं बनाया जा सकता

(i) मेज़

(ii) अमित

(iii) बहन

(iv) माता

4. इन शब्दों का प्रयोग सदैव एकवचन में होता है

(i) सत्य जनता

(ii) केला, संतरा

(iii) बेटा, मोटा

(iv) इनमें से कोई नहीं

5. आँख का बहुवचन है

(i) आँखों

(ii) आँखें

(iii) आँख

(iv) इनमें से कोई नहीं

6. बंदरी का वचन परिवर्तन कीजिए

(i) बंदरी

(ii) बंदर

(iii) बंदरियाँ

(iv) इनमें से कोई नहीं

7. 'माला' का वचन परिवर्तन कीजिए

(i) मालाएँ

(ii) माली

(iii) मालिन

(iv) इनमें से कोई नहीं

8.

| | |
|---|---|
| पुल्लिंग | |
| पुत्र | |
| लड़का | |
| देव | |
| बेटा | |
| बकरा | |
| नर | |

3. 'स्वदेश' कविता की चार पंक्तियाँ लिखिए |

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कवि ने कविता की रचना भारत के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ इसकी महानता एवं गौरव का गान करने के लिए की है। इसमें बताया है कि हिमालय पर्वत किस प्रकार आकाश को चूमता प्रतीत होता है। हिंद महासागर की लहरें भारत माँ के चरण स्पर्श करती हैं। इसके सीने पर बहती नदियाँ गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम स्थल आकर्षित करता है। कल-कल करते झरने मन मोह लेते हैं। मलय पर्वतों से आती ठंडी और सुगंधित हवाएँ सबकों राहत देती है। महात्मा बुद्ध ने लोगों को दया, प्रेम, परोपकार का संदेश दिया। विश्व में व्याप्त अज्ञानता को उन्होंने ज्ञान रूपी दीये की लौ से आलोकित करना चाहा।

कविता में कवि ने आम के वृक्ष का वर्णन किया है और बताया है कि भारत में अनेक आम के वृक्ष हैं जहाँ कोयल गुंजार करती हैं।

(क) कवि ने किसका गान करने की बात कही है ?

(ख) कौन आकाश को चुमता है ?

(ग) महात्मा बुद्ध ने लोगों को क्या संदेश दिए ?

(घ) हिमालय के सीने में कौन सी नदियाँ बहती हैं ?

(ङ) कोयल कहाँ गुंजार करती है ?

5. स्वदेश कविता के माध्यम से दो स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र लगाकर उनके बारे में दो पंक्तियाँ लिखिए |